## महत्वपूर्ण एवं खास

### केंद्र ने छत्तीसगढ़ को जीएसटी की 4761.30 करोड़ की राशि हस्तांतरित की

**रायपुर (आरएनएस)।** केंद्रीय वित मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ को वित्तीय वर्ष 2024-25 की जीएसटी की राशि 4761.30 करोड़ रूपए हस्तांतरित की गई है। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''एक्स'' पर पोस्ट करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफ ॉर्म ''एक्स'' पर लिखा है कि केंद्रीय वित मंत्रालय से जीएसटी की मिली राशि का उपयोग प्रदेशवासियों के हित और यहां के विकास कार्यों के लिए किया जाएगा।

### वीडियो गेम फ्री फायर की लत ने ली छात्र की जान

**जशपुर (आरएनएस)।** आज के समय में युवा ऑनलाइन गेमिंग की लत में फंसे हुए हैं। इसके चलते युवा अपनी जान गवां रहे हैं. ऐसा ही एक ताजा मामला छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से सामने आया है. फ्री फायर गेम की लत के चलते छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि गेम में पैसे हारने पर डांट पडऩे के डर से लडक़े ने घर में ही आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। यह मामला नारायणपुर थाना क्षेत्र के कलिया बनखेता गांव का है. यहां एक 12वीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. जानकारी के अनुसार, छात्र मोबाइल फोन में फ्री फायर गेम खेलता था और पैसे लगाकर गेम खेला करता था. वहीं छात्र गेम में पैसा हार गया और घर वालों की डर से वह फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया. बताया जा रहा है कि छात्र पूर्व में भी अपने रिश्तेदारों से पैसा लेकर हार चुका था. बार-बार हारने के कारण उसने अपने परिवार वालों के डर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक छात्र का नाम सुमित लकड़ा उम्र 18 वर्ष है. फिलहाल, नारायणपुर पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### कारपेट के नीचे में घुस कर बैठा था नाग, सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू

**कोरबा (आरएनएस)।** कुसमुंडा क्षेत्र में रहने वाला एक परिवार उस समय दहशत में आ गया जब आचनक उनकी नजऱ रसोई में बैठे एक सांप पर पड़ी। रात के समय 9ण्30 बजे के आस पास पूरा परिवार भोजन करने की तैयारी में था। सर्प मित्र ने रेस्क्यू कर सांप को सुरक्षित स्थान छोड़ तब लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम परिवर्तन के साथ सांप रहवासी क्षेत्रों में दिखाई देने लगे हैं। इसी तरह की घटनाक्रम में ग्राम कुसमुंडा में एक घर में विषैला सांप कारपेट के भीतर छुपा था। घर के लोग भोजन करने की तैयारी में थे। इस दौरान भोजन निकालने के लिए महिला किचन में गई तो देखा एक सांप बैठा हुआ है। सांप को देख महिला भाग खड़ी हुई। फिर डरे सहमे परिवार ने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम को सूचना दी। सूचना प्राप्त होते घर पहुंच कर सांप का रेस्क्यू किया। सर्प मित्र जितेंद्र सारथी ने बताया यह कोबरा सांप है, जो बेहद ही जहरीला होता हैं और खतरा महसूस होने पर ही काटता है। अच्छी बात रही की रसोई में भोजन बनाने से लेकर खाने की तैयारी तक कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई आखिरकार कोबरा सांप को डिब्बे में बंद किया। जिसके बाद घर वालों ने राहत भरी सास लिया।

### नदी घाटों से रेत का उत्खनन व परिवहन पर लगा प्रतिबंध

**कोरबा (आरएनएस)।** मानसून सक्रियता को देखते हुए पर्यावरणए वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तत्वावधान में सोमवार 10 जून से रेत उत्खनन पर प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया है। घाटो रेत की परिवहन का कार्य मानसून समापन के बाद 16 अक्टूबर से शुरू होगा। केंद्र सरकार ने सभी खनिज अधिकारियों को नियम का पालन का दायित्व सुनिश्चित करने के लिए कहा है। जिले में 13 रेत घाटों को जिला प्रशासन की ओर से स्वीकृति दी गई थी। घाट बंद होने के पहले रेत के अवैध भंडारण को देखते हुए जिला खनिज विभाग की छापामार कार्रवाई बढ़ गई है।

# बिलासपुर सांसद तोखन साहू को मिली मोदी कैबिनेट में जगह, मंत्री बनते ही बनाया यह खास रिकार्ड

**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से पहली बार सांसद चुने गए भाजपा के तोखन साहू को मोदी कैबिनेट में जगह मिल गई। पहली बार सांसद बनने के बाद मंत्री मंडल में जगह मिलने से प्रदेश के राजनीतिक दिग्गज हैरान हैं। छत्तीसगढ़ के कई वरिष्ठ नेता मोदी मंत्रीमंडल में शामिल होने की आस में बैठे थे लेकिन पीएम मोदी ने चौंकाते हुए तोखन साहू को केन्द्रीय राज्य मंत्री बनाया। रविवार को राष्ट्रपति भवन में अयोजित शपथ ग्रहण समारोह में तोखन साहू ने राज्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। शपथ लेते ही तोखन साहू उन सांसदों में शामिल हो गए जो पहली बार में मंत्री बन गए। छत्तीसगढ़ के लिए भी यह एक रिकार्ड है।

बता दें लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ से भाजपा को 11 में से 10 सीटें मिली हैं। कोरबा लोकसभा से सरोज पाण्डेय की हार को छोड़ दें तो शेष सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों ने शानदार जीत दर्ज की। रायपुर लोकसभा क्षेत्र से बृजमोहन अग्रवाल पांच लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज कर रिकार्ड बनाया। वहीं दुर्ग से दूसरी बार विजय बघेल ने रिकार्ड जीत हासिल की। विजय बघेल के अलावा राजनांदगांव से संतोष पाण्डेय ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को धूल चटाते हुए जीत दर्ज की। माना जा रहा था कि इन तीनों में से किसी एक को मोदी केबिनेट में जगह मिल सकती है। हालांकि ऐसा नहीं हुआ।



**पीएम मोदी ने चौंकाया-** छत्तीसगढ़ से एक मंत्री बनना तय माना जा रहा था। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही राजनीतिक सोच रखने वालों को भी उम्मीद थी कि मोदी कैबिनेट में बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल या संतोष पाण्डेय में से किसी एक को जगह मिलेगी। लेकिन पीएम मोदी ने चौंकाते हुए बिलासपुर के सांसस तोखन साहू को केन्द्रीय राज्यमंत्री बना दिया। मोदी के चौंकाने वाले फैसले के बाद माना जा रहा है कि बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल या संतोष पाण्डेय को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

**यह हो सकती है पीएम मोदी की सोच-** तोखन साहू को मंत्री बनाने के पीछे पीएम मोदी की सोच यह है कि छत्तीसगढ़ के साहू वोटर्स को साधना। छत्तीसगढ़ में एक बड़ा तबका साहू समाज से जुड़ा हुआ है। प्रदेश की 11 लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा ने बिलासपुर से ही साहू प्रत्याशी को मैदान में उतारा। जबकि महासमुंद व दुर्ग जिले को भी साहू बाहूल्य क्षेत्र माना जाता है। बिलासपुर से टिकट मिलने के बाद तोखन साहू ने कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव को हराया। संभवत: तोखन साहू को केन्द्रीय मंत्रमंडल में शामिल करने के पीछे प्रदेश के साहू वोटर्स बड़ी वजह है। तोखन साहू को मंत्री बनाकर पीएम मोदी ने लाखों साहू वोटर्स को साधने का प्रयास किया है।

**ऐसा हैं तोखन साहू का राजनीतिक सफर-** भाजपा ने इस बार बिलासपुर संभाग से लोरमी विधानसभा के पूर्व विधायक तोखन साहू लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था। तोखन साहू का जन्म 15 अक्टूबर 1969 को ग्राम डिंडोरी जिला मुंगेली में हुआ था। उनकी पत्नी का नाम लीलावती साहू है। उन्होंने एमकॉम की पढ़ाई की है। साहू ने लोरमी के छोटे से गांव सूरजपुरा से 1994 में पंच से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। इसके बाद सरपंच, फिर जनपद सदस्य उसके बाद वर्ष 2013 में लोरमी विधानसभा सीट से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए। इस चुनाव में उन्हें 52 हजार 302 वोट मिले थे। वहीं दूसरे नंबर पर कांग्रेस के धर्मजीत सिंह रहे, जिन्हें 46 हजार 61 वोट मिले थे। साल 2014-15 में सदस्य महिलाओं एवं बालकों के कल्याण सम्बंधी समिति ,सदस्य प्रत्यायुक्त विधानसभा समिति, छत्तीसगढ़ विधानसभा रह चुके हैं। साल 2015 में रमन सरकार में वह संसदीय सचिव रहे। बिलासपुर में तोखन साहू ने 1 लाख 64 हजार 558 वोटों से जीत हासिल की है। तोखन को कुल 7 लाख 24 हजार 937 वोट मिले हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव को 5 लाख 60 हजार 379 वोट मिले हैं।

## छत्तीसगढ़ में 36 लाख से अधिक महिलाओं को धुएं से मिली मुक्ति

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना: सशक्त होती महिलाएं**

**रायपुर । आरएनएस**

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना गरीब परिवार की महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का माध्यम बन रही है। देश के अन्य राज्यों की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी बड़ी संख्या में गरीब परिवार की महिलाओं को नि:शुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं। राज्य में अब तक 36 लाख से अधिक महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल चुका है।

एक समय ऐसा था जब उच्च और उच्च मध्यम परिवारों के घरों में रसोई गैस कनेक्शन होता था। गरीब परिवारों की महिलाओं के लिए ऐसी सुविधा जुटाना एक सपने जैसा था। गरीब परिवारों की महिलाओं



को परिवार संभालने की जिम्मेदारी के साथ-साथ असुविधाजनक ढ़ंग से लकड़ी या कोयले के माध्यम से चूल्हे में खाना पकाना पड़ता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की गरीब महिलाओं की दिक्कतें को समझते हुए तथा उनके सशक्तिकरण के लिए इस योजना की शुरूआत 2016 में की।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में छत्तीसगढ़ में अबतक 36 लाख से अधिक गरीब परिवार की महिलाओं को नि:शुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिए गए हैं। रसोई गैस मिलने से किचन का वातावरण काफी सुविधाजनक हो गया है। महिलाओं को धुल धुएं से मुक्ति मिल गई है। खाना पकाने में उन्हें काफी कम समय लग रहा है। महिलाओं के समय में भी बचत हो रही है।

लाभार्थियों की जुबानी-

रायगढ़ जिले के लैलूंगा विकासखंड के ग्राम भुइयांपानी निवासी विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवारों के 60 वर्षीय नान्हीबाई ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें जंगल जाना नहीं पड़ता। ना ही मजबूरी में खाना बनाने के लिए लकड़ी इक_ा करनी पड़ती हैं। जंगल से लकड़ी लाने में जंगली जानवरों का खौफ रहता था। चूल्हे के धुंए से भी राहत मिल रही हैं। बैकुण्ठपुर निवासी हितग्राही 30 वर्षीय रामबाई, 55 वर्षीय मानकुंवर बाई, 25 वर्षीय दुर्गा, 35 वर्षीय फूलबासन बाई, 31 वर्षीय ऊषा बाई ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहले भोजन बनाते समय धुआं के कारण खांसी और आंख से आंसू बहते थे। अब गैस-चूल्हा मिलने से इस समस्या से छुटकारा मिल गया है। फूलबासन बाई कहती है कि गैस चूल्हा से खाना बनाना काफी आसान हो गया है। बर्तन भी काले नहीं होते हैं। यह योजना परिवार के लिए और पर्यावरण के लिए भी बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो रही है। गैस चूल्हा होने से पेड़ की कटाई भी रूकेगी और हरियाली भी बने रहेगी।

## हाइकोर्ट ने लिया संज्ञान, मामला अंबिकापुर अस्पताल महिला डिलवरी का

**बिलासपुर । आरएनएस**

अंबिकापुर में एक स्वास्थ्य केंद्र में फ र्श पर महिला द्वारा बच्चे को जन्म देने के मामले में हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया, जिस पर सुनवाई हुई. इस दौरान कोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव से हलफनामे पर जवाब तलब किया है. मामले में चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने चीफ सेक्रेटरी, स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग संचालक, कलेक्टर सरगुजा के साथ सीएमओ अंबिकापुर, सिविल सर्जन अंबिकापुर और मेडिकल ऑफिसर नवानगर को नोटिस जारी किया है.

दरअसल, अंबिकापुर के जिला मुख्यालय से लगे नवानगर निवासी प्रियावती पैकरा 9 माह की गर्भवती थी. दरिमा उप स्वास्थ्य केन्द्र में 8 जून 2024 को प्रसव पीड़ा होने पर उक्त महिला मितानिन के साथ उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, लेकिन वहां न तो कोई डॉक्टर और न ही कोई नर्स मौजूद थी. परिजन और मितानिन ने कई बार डॉक्टर व नर्स को फोन लगाया पर किसी ने नहीं उठाया. फिर मितानिन ने फर्श पर महिला का असुरक्षित प्रसव कराया. इस मामले में संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने कहा है, कि जब राज्य सरकार राज्य के दूरदराज के इलाकों में रहने वाली जनता को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए भारी मात्रा में धन खर्च कर रही है तो ऐसी स्थिति क्यों बन रही है.

## आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 1802 बच्चों का स्वर्णप्राशन कराया गया

**रायपुर । आरएनएस**

बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में सोमवार को 1802 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया गया।

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आयुष विभाग की संचालक इफ्फत आरा, प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया।

स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720, 16 अप्रैल को 1410 और 13 मई को 1256 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

## आठ माह के मासूम के साथ रेलवे ट्रैक पर गिरी महिला,बच गई जान

**रायपुर । आरएनएस**

रायपुर रेलवे स्टेशन पर रविवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सुबह 11.30 बजे हावड़ा-मुंबई एसएमटी एक्सप्रेस से नीचे उतरने की जल्दबाजी में एक महिला का पैर फिसल गया और वह 8 माह के बच्चे के साथ सीधे ट्रेक के किनारे जा गिरी।

गनीमत ये रही कि, मां और बच्चा ट्रेन के चक्के के नीचे नहीं आए, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। जिस वक्त घटना हुई, ट्रेन की रफ्तार कम थी और ट्रेन के गार्ड की तत्परता से ट्रेन चंद सेकंड में ही रुक गई।



मौके पर मौजूद यात्रियों ने बताया कि, ट्रेन रुकने से पहले ही महिला हाथ में 8 माह के बच्चे को लिए उलटी दिशा की ओर उतरने लगी, इस दौरान उसका पैर फिसल गया, संतुलन बिगडऩे से वह नीचे गिर गई। घटना के बाद ट्रेन और प्लेटफार्म पर चीख-पुकार मच गई। जनरल कोच के दो कोच के बाद गार्ड रूम था, यात्रियों का शोर सुनकर गार्ड ने तत्काल ट्रेन रोकी, जिससे मां और मासूम बच्चे की जान बच गई।

दोनों को गिरने से लगीं मामूली चोटें

पैर फिसलने से गिरी मां और बच्चे को मामूली चोटें आई हैं। आरपीएफ ने मौके पर पहुंचकर दोनों को प्लेटफार्म पर प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल भेजा गया। इस दौरान 15 से 20 मिनट तक ट्रेन प्लेटफार्म में खड़ी रही।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 को योगाभ्यास के कार्यक्रम होंगे

**राज्य स्तरीय कार्यक्रम रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में होगा**

**रायपुर (आरएनएस)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21 जून को रायपुर स्थित साईंस कॉलेज मैदान में होगा। योग दिवस पर योगाभ्यास का कार्यक्रम होगा। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक भाग लेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर और जनसामान्य शामिल होंगे। कार्यक्रम में स्कूलों, कॉलेजों, यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों और जन सामान्य की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुवा शामिल हुए। मुख्य सचिव ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम स्थल साईंस कॉलेज मैदान को आरक्षित करवाकर सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य के विभिन्न स्तरों पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, टी-शर्ट, ट्रेक शूट सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए राज्य नोडल अधिकारी, समाज कल्याण विभाग से आवश्यक समन्वय किया जाएगा। नगरीय प्रशासन तथा विकास विभाग द्वारा नगर पालिका निगम रायपुर के सहयोग से आयोजन स्थल पर पेयजल, स्वच्छता, इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी। गृह विभाग द्वारा आयोजन स्थल में सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को आयोजन स्थल पर पहुंचाने सहयोग करेंगे।

वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव पी.दयानंद और एस.बसवराजू, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अन्बलगन पी., समाज कल्याण विभाग के सचिव भूवनेश यादव, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव प्रसन्ना आर., परिवहन विभाग के सचिव एस.प्रकाश, आवास एवं पर्यावरण विभाग की सचिव आर.शंगीता, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता और जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।
पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## सड़क और पुल-पुलिया निर्माण की नई तकनीकों के ज्ञान से अभियंताओं की बढ़ेगी दक्षता : अरुण साव

**उप मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित**

**रायपुर । आरएनएस**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सडक़ और पुल-पुलिया निर्माण की नई तकनीकों के ज्ञान से अभियंताओं की दक्षता बढ़ेगी। इस प्रशिक्षण के माध्यम से वे पुलिया तथा लघु एवं मध्यम पुलों की डिजाइन, निर्माण व रखरखाव की नई और आधुनिक तकनीकों से रू-ब-रू होंगे। राज्य में पुलिया तथा लघु एवं मध्यम पुलों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण और रखरखाव सुनिश्चित करने में इससे मदद मिलेगी।

राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग और केन्द्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के भारतीय राजमार्ग अभियंता अकादमी द्वारा रायपुर के नवीन विश्राम भवन में लोक निर्माण विभाग के रायपुर और दुर्ग संभाग के अभियंताओं के लिए इस चार दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इसमें दोनों संभागों के विभागीय उप अभियंताओं, सहायक अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं और अधीक्षण अभियंताओं को पुलिया तथा लघु एवं मध्यम पुलों की डिजाइन, निर्माण, रखरखाव और मरम्मत के साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण की बारीकियों की जानकारी दी जा रही है। विभिन्न संस्थाओं और निर्माण एजेंसियों के विषय विशेषज्ञ उन्हें इनका प्रशिक्षण दे रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। व्यक्ति जब तक काम करता है, लगातार सीखता रहता है। समय के साथ कार्यक्षेत्र की जरूरत बदलती है, नई तकनीकें आती जाती हैं। इनके अनुरूप हमें भी अपडेट होना पड़ता है। तभी हमारी उपयोगिता और प्रासंगिकता रहती है। उन्होंने कहा कि आज सडक़ों पर लगातार ट्रैफिक बढ़ रहा है, तेज रफ्तार वाली गाडिय़ा भी आ गई हैं। इन्हें ध्यान में रखते हुए सडक़ और पुल-पुलियों के निर्माण में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन जरूरी है।

उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए डीपीआर, टेंडर एग्रीमेंट, गुणवत्ता का निरीक्षण व नियंत्रण तथा कार्यों का भुगतान लोक निर्माण विभाग करता है। इसलिए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा मानक और समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करना भी विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभागीय अभियंता इस प्रशिक्षण के दौरान देश-दुनिया की नई तकनीकों और नए मानकों से रू-ब-रू होंगे और उन्हें फील्ड में अमल में लाएंगे। इस प्रशिक्षण से हमारे अभियंताओं की योग्यता, कार्यकुशलता और दक्षता में बढ़ोतरी होगी। साव ने इस वृहद प्रशिक्षण के आयोजन के लिए आईएएचई को धन्यवाद दिया।

लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के चार दिवसीय प्रशिक्षण में आईएएचई के निदेशक संजीव कुमार, सीआरआरआई की पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मी परमेश्वरन और सतेन्दर कुमार तथा एलिगेंट कन्सल्टेंट के प्रबंध निदेशक आलोक पाण्डेय पुलिया तथा लघु एवं मध्यम पुलों की डिजाइन, निर्माण, रखरखाव और मरम्मत के साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण की बारीकियों के बारे में बताएंगे।